Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 7

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

18 जमादी सानी 1441 हिजरी कमरी 13 सुलह 1399 हिजरी शमसी 13 फरवरी 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

पेशगोई मुस्लेह मौऊद

हज़रत मिर्ज़ा गुलाम अहमद साहिब कादियानी मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

"بِاِلْهَامِ اللّٰهِ تَعَالٰى وَاِعْلَامِهٖ عَزَّوَجَلَّ

रहीम करीम तथा सम्मान्नीय ख़ुदा ने जो प्रत्येक चीज़ पर क़ादिर है(جَلَّ شَانُهٗ وَعَزَّ اِسْمُهٗ)मुझ को अपने इल्हाम से सम्बोधित करके फरमाया कि मैं तुझे एक रहमत (कृपा) का निशान देता हूँ उसी के अनुसार जो तूने मुझ से मांगा। अत: मैंने तेरी वेदनाओं को सुना और तेरी दुआओं को अपनी रहमत से क़बूलियत (मंज़ूरी) की जगह दी और तेरे सफ़र को (जो होशियारपुर और लुधियाना का सफ़र है) तेरे लिये मुबारक कर दिया। अत: क़ुदरत (शक्ति) और रहमत (कृपा) और क़ुर्बत (निकटता) का निशान तुझे दिया जाता है। फ़ज़ल और एहसान (कृपा व उपकार) का निशान तुझे प्रदान किया जाता है और फ़तह और ज़फ़र (सफलता और विजय) की कुंजी तुझे मिलती है। हे मुज़फ्फ़र (विजेता) ! तुझ पर सलाम। ख़ुदा ने यह कहा ताकि वे जो क़बरों में दबे पड़े हैं, बाहर आयें और इस्लाम धर्म की प्रतिष्ठा और कलामुल्लाह (क़ुर्आन) की श्रेष्ठता लोगों पर प्रकट हो और ताकि सत्य अपनी पूरी बर्कतों के साथ आ जाए और बातिल (झूठ) अपनी पूरी बुराईयों के साथ भाग जाये और लोग समझें कि मैं क़ादिर (सामर्थ्यवान) हूँ, जो चाहता हूँ करता हूँ। अत: वे विश्वास कर लें कि मैं तेरे साथ हूँ और उन्हें जो ख़ुदा के वजूद पर ईमान नहीं लाते और ख़ुदा और ख़ुदा के धर्म और उसकी किताब और उसके पवित्र रसूल मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इन्कार और तकज़ीब (विरोध और झूठ) की दृष्टि से देखते हैं, एक खुली निशानी मिले और मुजरिमों की राह प्रकट हो जाये। अत: तुझे खुशख़बरी हो कि एक वजीह (प्रतापी) और पवित्र लड़का तुझे दिया जाएगा। एक ज़की ग़ुलाम (पवित्र लड़का) तुझे मिलेगा। वह लड़का तेरे ही बीज से तेरी ही सन्तान व कुल का होगा। सुन्दर, पवित्र लड़का, तुम्हारा मेहमान आता है उसका नाम अन्मवाईल और बशीर भी है। उसको मुकद्दस रूह (पवित्र आत्मा) दी गई है और वह अशुद्धता से पवित्र है। वह अल्लाह का नूर (प्रकाश) है। मुबारक वह जो आसमान से आता है। उसके साथ फ़ज़ल है, जो उसके आने के साथ आयेगा। वह साहिबे शिकोह (प्रतापी) और अज़मत (महान) और दौलत (धनी) होगा। वह दुनिया में आयेगा और अपने मसीही नफ़स अर्थात् (मसीही शक्ति) और रूहुल हक़ की बर्कत से बहुतों को बीमारियों से साफ़ करेगा। वह कलिमतुल्लाह (अर्थात एकेश्वरवाद का प्रतीक) है। क्योंकि ख़ुदा की रहमत (कृपा) व ग़य्यूरी (स्वाभिमान) ने उसे अपने कलिमा तम्जीद (बुज़ुर्गी व शान) से भेजा है। वह सख़्त ज़हीन व फ़हीम (बुद्धिमान एवं सूझवान) होगा और दिल का हलीम (शांत स्वभाव) और उलूमे ज़ाहिरी व बातिनी (अर्थात् सांसारिक तथा आध्यात्मिक ज्ञान) से पुर किया जायेगा। वह तीन को चार करने वाला होगा।.....दुशंब: (सोमवार) है मुबारक दुशन्ब: (अर्थात् सोमवार) फ़र्ज़न्द दिल बंद गिरामी अर्जुमन्द (सम्मान जनक, मनमोहक, श्रेष्ठ सुपुत्र)مَظْهَرُ الْاَوَّلِ وَالْاٰخِرِ مَظْهَرُ الْحَقِّ وَالْعُلَاءِ كَاَنَّ اللّٰهَ نَزَلَ مِنَ السَّمَاءِ मज़हरूल् अव्वले वल् आख़िरि, मज़हरूल् हक्क़े वल् अलाए कअन्नल्लाह नज़ल मिनस्समाअ। अर्थात् वह उस ख़ुदा का प्रकाश है जो हमेशा से है और सदैव रहने वाला है वह उस ख़ुदा का प्रकाश है जो सच है और महान है (उसका आना ऐसा ही है) जैसा कि अल्लाह स्वंय आकाश से उतर आया हो। जिसका आना बहुत मुबारक और ख़ुदा के प्रताप के प्रकट होने का कारण होगा। नूर आता है नूर, जिसको ख़ुदा ने अपनी इच्छा के इत्र से सुगंधित किया है। हम उसमें अपनी रूह डालेंगे। ख़ुदा का साया उसके सिर पर होगा। वह अतिशीघ्र बढ़ेगा और असीरों (गुलामों) की रुस्तगारी (मुक्ति) का कारण होगा और ज़मीन के किनारों तक शोहरत (प्रसिद्धि) पाएगा और क़ौमें (जातियां) उससे बरकत पाऐंगी। तब अपने नफ़सी नुक़ता आसमान अर्थात् ख़ुदा की तरफ उठाया जायेगा। व काना अमरन मक़्ज़िय्या (और यह काम पूरा होकर रहने वाला है)।"

(इश्तिहार 20 फरवरी 1886 ई तब्लीग़ रिसालत भाग 1 पृष्ठ 58 से 60 मजमूआ इश्तिहारात भाग 1 पृष्ठ 100)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर जर्मनी, जुलाई 2018 ई (भाग-2)

मुआइना इंतिज़ाम जलसा सालाना,जमाअत अहमदिया जर्मनी के 44 वें जलसा सालाना का पहला दिन। * ध्वजारोहण का आयोजन। * ख़ुत्बा जुम्अः से जलसा की का आरम्भ प्रेस कान्फ्रैंस। * सेनेगाल , माईवट आईलैंड और लिथोनिया से आने वाले वफ़ूद की हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात और उनके ईमान वर्धक प्रतिक्रियाएं हमारा जलसा हमारी जमाअत के मैंबरों के लिए है, इस का मक़सद यह है कि अहमदी रुहानी तौर पर तरक़्क़ी करें, अपने आचरण बेहतर करें और ख़ुदा तआला के अधिकार और बन्दों को हुकूक को समझें कि किस तरह से हम ये अधिकार बेहतरीन रंग में अदा कर सकते हैं * अगर आप इस्लाम के बारे में हमारे दृष्टकिोण को देखें तो फिर किसी किस्म का इस्लामोफोबिया पैदा नहीं होना चाहिए * हम एक मज़हबी जमाअत हैं और हमने मज़हबी शिक्षाओं पर अनुकरण करना है , हम ने अपनी मुक़द्दस किताब की पैरवी करनी है जो कि क़ुरआन करीम है, हम ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत और बातों की पैरवी करनी है , और अगर आप पैरवी नहीं करते तो इस का अर्थ है कि आप बुनियादी शिक्षाओं से मुंह फेर रहे हैं।

हुज़ूर अनवर की प्रैस कान्फ्रैंस और पत्रकारों के सवालों के जवाब

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

मुआइना इंतिज़ाम जलसा सालाना

लगभग 8 बजे जलसा सालाना के इंतिज़ामों का मुआइना शुरू हुआ। नायब आफ़िसरों जलसा सालाना जिनकी संख्या 14 है एक क़तार में खड़े थे। हुज़ूर अनवर ने उनके पास से गुज़रते हुए अपना हाथ बुलंद कर के सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और फ़रमाया "अच्छा ये नायब आफ़िसरान हैं।"

जमाअत हिमबर्ग से 7 ख़ुद्दाम और 4 इतफ़ाल 680 किलोमीटर का सफ़र पाँच दिनों में साईकलों पर तय कर के जलसा गाह पहुंचे थे। ये सब एक तरफ़ खड़े थे। हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए उनके पास तशरीफ़ ले गए और उन्होंने हुज़ूर अनवर की ख़िदमत में निवेदन किया कि हम 680 किलो मीटर का सफ़र तय कर के आज ही पहुंचे हैं। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया" माशा अल्लाह 680 किलोमीटर का सफ़र तय किया है।"

इस के बाद सबसे पहले हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने विभाग रजिस्ट्रेशन और कार्ड स्कैनिंग सिस्टम का मुआइना फ़रमाया

मर्दाना जलसा गाह के साथ एक खुले क्षेत्र में एक बड़ी मार्की लगाई गई है। जिन लोगों को हाल में जगह ना मिल सके वे इस मार्की मैं बैठेंगे और यहां बाक़ायदा सफ़ों के लिए लाइनें लगा कर नमाज़ का प्रबन्ध किया गया है। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने इस मार्की के बारे में पूछा।

इसके बाद हुज़ूर अनवर ने इस स्टोर का मुआइना फ़रमाया जहां खाने पीने और इस्तिमाल की विभिन्न चीज़े स्टोर की गई हैं। यहां से ज़रूरत के अनुसार साथ साथ ये चीढ़ें विभिन्न विभागों को उपलब्ध की जाती हैं।

इस स्टोर के सामने एक दूसरे हिस्सा में विभिन्न देशों से आने वाले ग़ैर मुल्की मेहमानों के लिए खाना खाने का प्रबन्ध किया गया है। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने इस हिस्सा को भी देखा और प्रबन्ध के बारे में पूछा।

इसके बाद हुज़ूर अनवर ने लंगर ख़ाना का मुआइना फ़रमाया। सबसे पहले हुज़ूर अनवर ने गोश्त की कटाई का जायज़ा लिया और मुंतज़मीन से इस बारे में बातचीत फ़रमाई। इस गोश्त को एक मुईन टैमप्रेचर पर महफ़ूज़ करने के लिए एक कंटेनर जैसा फ़्रीज़र प्राप्त किया गया है जिसमें टनों के हिसाब से गोश्त रखा जा सकता है।

इस के बाद हुज़ूर अनवर ने लंगर ख़ाना का मुआइना फ़रमाया और खाना पकाने के इंतिज़ामात का जायज़ा लिया और खाने का स्तर देखा।

विभिन्न अक़्वाम से सम्बन्ध रखने वाले मेहमानों के लिए उनकी ज़रूरत और मिज़ाज के अनुसार अलग खाना तय्यार किया गया था। हुज़ूर अनवर ने इस का भी जायज़ा लिया। जलसा सालाना पर आने वाले हज़ारों मेहमानों के लिए आज आलू गोश्त और दाल का सालन तय्यार किया गया था और साथ वे नान भी रखे गए थे जो मेहमानों को दिए गए थे।

हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए आलू गोश्त और दाल से कुछ लुक़्मे खाए और इस बात का जायज़ा लिया कि दोनों सालन सही पके हुए हैं या उनमें कोई कमी रह गई है। हुज़ूर अनवर ने खाने के स्तर के बारे में मुंतज़मीन से बातचीत फ़रमाई

लंगर ख़ाना के कारकुनान ने एक बड़े साइज़ का केक तय्यार किया हुआ था। हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए अपने इन ख़ुद्दाम के लिए केक के विभिन्न हिस्से किए और एक टुकड़ा खाया।

लंगर ख़ाना के बाहर "देग वाशिंग मशीन" लगाई गई थी। यह मशीन पिछले ग्यारह बारह सालों से लगाई जा रही है और हर साल इस में मज़ीद बेहतरी लाई जा रही है। यह मशीन अहमदी इंजीनीयर्ज़ ने मिलकर ख़ुद तय्यार की है। आरम्भ में यह अवस्था थी कि मशीन पर देग रखने के बाद एक बटन दबाना पड़ता था। लेकिन पिछले एक दो सालों में इस में बेहतरी लाई गई है। अब ये बटन नहीं दबाना पड़ता बल्कि जैसे देग सफ़ाई के लिए रखी जाती है अपने आप फंक्शन शुरू हो जाता है और देग धुलने का पकाम मुकम्मल होने के बाद अपने आप बाहर आ जाती है।

इस मशीन के बारे में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने अमीर साहिब से बातचीत फ़रमाई। इस के बाद लंगर ख़ाना के कारकुनों ने अपने प्यारे आक़ा के साथ ग्रुप फ़ोटो बनवाने का सौभाग्य पाया।

लंगर ख़ाना के क़रीब ही खाना खाने के लिए दो बड़ी वसीअ मार्कीज़ लगाई गई थीं। क़रीब ही चाय का स्टॉल भी था। हुज़ूर अनवर ने इन इंतिज़ामों को देखा और इस बारे में अफ़्सर साहिब जलसा सालाना से कुछ मामलों पर सवाल पूछे।

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ प्राईवेट ख़ेमों के एरिया में तशरीफ़ ले आए और ख़ेमों के बीच रास्ता से गुज़रे। रास्ता के दोनों अतराफ़ जर्मनी की विभिन्न जमाअतों और इलाक़ों से आने वाली फ़ैमिलीयाँ अपने अपने ख़ेमों के पास खड़ी थीं। ये सभी लोग अपने हाथ बुलंद कर के हुज़ूर अनवर की ख़िदमत में सलाम निवेदन करते। हुज़ूर दया करते हुए अपना हाथ बुलंद कर के उनके सलाम का जवाब देते और कुछ से हुज़ूर अनवर ने उनके ख़ेमों के बारे में से बातचीत भी फ़रमाई। विभिन्न अतराफ़ से लोग निरन्तर नारे बुलंद कर रहे थे।

हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए एक ख़ेमा के क़रीब जा कर उस का मुआइना फ़रमाया और इस ख़ेमा में ठहरने वाली फ़ैमिली से बातचीत फ़रमाई और यह भी पूछा कि कितने लोग इस ख़ेमा में निवास कर सकते हैं और इस ख़ेमा में दाख़िल

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

हे अन्सार के गिरोह !क्या तुम इस बात पर ख़ुश नहीं कि लोग भीड़ बकरियां और ऊंट लेकर जाएं और तुम रसूलुल्लाह को लेकर अपने घरों में लौटो।

इस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जान है अगर हिज्रत ना होती तो मैं अन्सार में से एक शख़्स होता

अगर लोग एक वादी में चल रहे हों और अन्सार दूसरी वादी में चल रहे हों तो मैं अन्सार की वादी को इख़तियार करूँगा

हे अल्लाह अन्सार पर रहम फ़र्मा और अन्सार के बेटों पर और अन्सार के बेटों के बेटों पर

इख़लास तथा वफ़ा के पैकर बदरी सहाबी हज़रत सअद बिन उबादा रज़ी अल्लाह अन्हो की मुबारक सीरत का वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 10 जनवरी 2020 ई. स्थान - मस्जिद 'बैयतुल फुतूह मोर्डन सिर्रे (यू. के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछ्ले ख़ुत्बा जुम्अः में वक़्फ़ जदीद के नए साल के ऐलान के साथ जो मैंने देशों की जमअतों की पोज़ीशन बताई थी इस में बताया था कि यूके की जमाअतों में वक़्फ़ जदीद के चंदे की वसूली के लिहाज़ से इस्लामाबाद की जमाअत पहले नम्बर पर है लेकिन बाद में ये बात सामने आई कि वह जायज़ा ग़लत था। पहला नम्बर आलडरशाट (Aldershot)की जमाअत है और दूसरे नम्बर पर इस्लामाबाद की जमअत। क्यों हुआ ?किस तरह हुआ? इस की तफ़सील में मैं नहीं जाना चाहता लेकिन बहरहाल ये दुरुस्ती की ज़रूरत थी। इसलिए मैंने सबसे पहले उसी को लिया

आलडरशाट की जमाअत माशा अल्लाह बड़ी क़ुर्बानी दे रही है और खासतौर पर लज्ना आलडरशाट की सदर ने मुझे लिखा था किस तरह कई औरतों ने ग़ैरमामूली क़ुर्बानी दी है। उनका जज़्बा क़ुर्बानी मिसाली है। अल्लाह तआला उनके मालों तथा नफ्सों में बरकत अता फ़रमाए। मैंने पिछले ख़ुत्बे में उमूमन ग़रीबों की और ग़रीब देशों में रहने वालों की क़ुर्बानी की घटनाएं इसलिए बयान किए थे कि अमीरों में भी यह एहसास पैदा हो और वे भी क़ुर्बानी की रूह को समझें वर्ना अल्लाह तआला के फ़ज़ल से इन तरक़्क़ी वाले देशों में बहुत से ऐसे लोग हैं जो दुनियावी ज़रूरीयात को पीछे डाल कर क़ुर्बानी करते रहते हैं। बहरहाल जैसा कि मैंने कहा बर्तानिया की जमअतों में वक़्फ़ जदीद में आलडरशाट की जमअत प्रथम है।

अब मैं आज के ख़ुत्बा के विषय की तरफ़ आता हूँ जो बदरी सहाबा रज़ि का ज़िक्र चल रहा है। पिछले से पहले ख़ुत्बे में हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि का ज़िक्र चल रहा था और कुछ रह गया था। आज भी उनके ज़िक्र के हवाले से ही वर्णन करूँगा। लेकिन यहां भी एक हवाले की दुरुस्ती की ज़रूरत है जो पिछले ख़ुत्बा में मैं ने वर्णन किया था।यद्यपि एहसास के बावजूद मैं ने हवाले भेजने वालों को ज़िक्र तो नहीं किया लेकिन रिसर्च सेल में हमारे काम करने वालों को ख़ुद ही एहसास हो गया और उन्होंने ये दुरुस्ती भेजी और इस से बहरहाल मेरी ये ग़लतफ़हमी जो मुझे भी थी वह भी दूर हो गई। माशा अल्लाह अपनी तरफ़ से तो बड़ी मेहनत से काम कर के ये हवाले निकालते हैं लेकिन कई बार भाग बाज़ी से ऐसी तहरीरों से गुज़र जाते हैं जो दो सहाबा के मिलती-जुलती घटनाओं को मिला देती हैं। इसी तरह की बार अरबी इबारतों के अनुवाद में भी शब्दों का सही चुनाव ना होने की वजह से हक़ीक़त वाज़िह नहीं होती। बहरहाल इस हवाले से अब उन्होंने ख़ुद ही दुरुस्ती कर के भिजवाई है जो मैं पहले वर्णन करूँगा। फिर बाक़ी ज़िक्र होगा

27 दिसम्बर के ख़ुत्बे में हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि के परिचय में यह बयान हुआ था कि आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत सअद रज़ि और तुलेब बिन अमीर को भाई भाई बनाया था जो मक्का से हिज्रत कर के मदीने आए थे और इब्ने इसहाक़ के अनुसार रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत सअद बिन उबादह रज़ि और हज़रत अबूज़र ग़फ्फारी रज़ि को भाई भाई बनाया था थी लेकिन कुछ को इस से मतभेद भी है और वाक़दी ने इस का इनकार किया है क्योंकि उस के अनुसार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भाई भाई बनान जंग बदर से पहले सहाबा रज़ि के मध्य क़ायम फ़रमाई थी। हज़रत अबूज़र ग़फ़्फ़ारी जो उस वक़्त मदीना में मौजूद नहीं थे और वह आए नहीं थे और जंग बदर और उहद और ख़ंदक़ में भी शामिल नहीं थे और इन जंगों के बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए थे तो मैंने यह बताया था कि यह उनकी दलील है। बहरहाल यह इस तरह नहीं है। भाई भाई बनाने का वर्णन दरअसल हज़रत मुंज़िर बिन अमरो बिन ख़नेसु रज़ि के अन्तर्गत था।

(उसुदुल ग़ाबह भाग 5 पृष्ठ 258 मंज़र बिन अमरो प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 2003 ई)

रिसर्च सेल वालों ने ख़ुद ही लिखा है कि जिस किताब से यह लिया गया है वहां उनके साथ हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि का भी ज़िक्र था तो रिसर्च सेल की तरफ़ से भूल से यह इबारत हज़रत सअद रज़ि के साथ भी वर्णन कर दी गई जबकि हज़रत मंज़र बिन अमरो रज़ि के ज़िक्र में भाई भाई का यह ज़िक्र है और यह तफ़सील मैं पिछले साल के शुरू में 25 जनवरी के ख़ुत्बे में वर्णन कर चुका हूँ। बहरहाल यह एक दुरुस्ती है। अब आगे जो ज़िक्र चल रहे हैं वह यह हैं कि जब जंग ख़ंदक़ की घटना हुई तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उयैना बिन हसन को मदीना की एक तिहाई खजूर इस शर्त पर देने की पेशकश के बारे में सोचा कि क़बीला ग़त्फ़ान के जो लोग उनके साथ हैं वह उन्हें वापस ले जाए। बाक़ी लोगों को छोड़ते हुए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सिर्फ हज़रत सअद बिन मआज़ रज़ि और हज़रत सअद बिन उबादह रज़ि से मश्वरा मांगा। इस पर इन दोनों ने अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो वसल्लम! अगर आप को अल्लाह तआला की तरफ़ से ऐसा करने का हुक्म हुआ है तो आप ऐसा कर दें। अगर ऐसा नहीं तो फिर बख़ुदा हम कुछ नहीं देंगे सिवाए तलवार के अर्थात हम अपना हक़ लेंगे या जो भी इस की सज़ा है वह उनको इस मुनाफ़क़त की या अह्द की पाबंदी न करने की मिलेगी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया मुझे किसी बात का हुक्म नहीं दिया गया। यह मेरी ज़ाती राय है जो मैंने तुम दोनों के सामने रखी है। इन दोनों ने अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो वसल्लम! इन लोगों ने जाहिलियत में हमसे ऐसी ही लालच नहीं की तो आज क्यूँ-कर? जबकि अल्लाह हमें आप के द्वारा हिदायत दे चुका है अर्थात कि यह जो पहला उसूल उनके साथ चल रहा था आज भी वही चलेगा। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इन दोनों के इस जवाब से ख़ुश गए।

(उसुदुल ग़ाबह भाग 2 पृष्ठ 442 सअद बिन उबादा, दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत लबनान 2003 ई)

इस की तफ़सील जंग ख़नदक़ के हालात के ज़िक्र में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने इस तरह बयान फ़रमाई है कि ये दिन मुस्लमानों के लिए निहायत तकलीफ़ और परेशानी और ख़तरे के दिन थे और जैसे जैसे यह घेराव लम्बा होता

जाता था मुस्लमानों की मुक़ाबला की ताकत लाज़िमन कमज़ोर होती जाती थी और यद्यपि उनके दिल ईमान तथा ख़िलास से भरे हुए थे मगर जिस्म माद्दी कानून के अधीन चलता है तो वे कमज़ोर होता चला जा रहा था। अर्थात जिस्म की ज़रूरतें हैं, आराम है, ख़ुराक है, घेराव लम्बा हो गया तो इस की वजह से बे-आरामी भी थी। सही रंग में ख़ुराक भी पूरी नहीं हो रही थी इसलिए थकावट भी पैदा हो रही थी, कमज़ोरी भी पैदा हो रही थी, यह जिस्म का क़ुदरती तक़ाज़ा है । तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इन हालात को देखा तोआप ने अन्सार के रईसों सअद बिन मआज़ रज़ि और सअद बिन अबादह रज़ि को बुला कर उन्हें हालात बतलाए और मश्वरा मांगा कि इन हालात में हमें क्या करना चाहिए कि मुस्लमानों की, ग़रीबों की तो ये हालत हो रही है और साथ ही अपनी तरफ़ से यह ज़िक्र फ़रमाया कि अगर तुम लोग चाहो तो यह भी हो सकता है कि क़बीला ग़त्फ़ान को मदीने के मुहासिल में से कुछ हिस्सा देना कर के इस जंग को टाल दिया जाए। सअद बिन मआज़ रज़ि और सअद बिन अबादह रज़ि ने एक ज़बान हो कर यह निवेदन किया कि हे रसूलुल्लाह ! अगर आप क़ो इस के बारे में कोई ख़ुदाई वह्य हुई है तो स्वीकार है। इस अवस्था में आप बेशक ख़ुशी से इस परामर्श के अनुसार कार्रवाई फ़रमाएं। आप ने फ़रमाया नहीं मुझे इस मामला में वह्य कोई नहीं हुई। मैं तो सिर्फ आप लोगों की तकलीफ़ की वजह से मश्वरा के तरीक़ पर पूछ रहा हूँ। इन दोनों सअदों ने जवाब दिया कि फिर हमारा यह मश्वरा है कि जब हमने शिर्क की हालत में कभी किसी दुश्मन को कुछ नहीं दिया तो अब मुस्लमान हो कर क्यों दें। अर्थात जो उन के वहां क़ानून हैं उस के अनुसार अब भी अमल होगा। फिर आगे उन्होंने कहा कि अल्लाह की कसम हम उन्हें तलवार की धार के सिवा कुछ नहीं देंगे। चूँकि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अन्सार ही की वजह से फ़िक्र थी। दूसरे लोग भी वहां के रहने वाले हैं लेकिन मदीना के अन्सार को कोई एतराज़ या लम्बे घेराव से परेशानी या बेचैनी न पैदा हो तो अन्सार की वजह से यह फ़िक्र थी जो मदीना के असल बाशिंदे थे और शायद इस मश्वरा में आप का मक़सद भी सिर्फ यही था कि अन्सार की ज़हनी कैफ़ीयत का पता लगाऐं कि क्या वे इन मसीबतों में परेशान तो नहीं हैं और अगर वे परेशान हों तो उनकी दिलजोई फ़रमाई जाए। इसलिए आप ने पूरी ख़ुशी के साथ उनके इस मश्वरे को क़बूल फ़रमाया और फिर जंग भी जारी।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन हज़रत साहिबज़ादा हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम-ए पृष्ठ 589-590)

जंग ख़ंदक़ के हालात वर्णन करते हुए सीरत ख़ातिम ख़ातमन्नबिय्यीन में क़बीला बनू क़ुरैज़ा की ग़द्दारी का ज़िक्र करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि

''अबू सुफ़ियान ने यह चाल चली कि क़बीला बनू नज़ीर के यहूदी रईस हुयययई बिन अख़तब को यह हिदायत दी कि वह रात के अन्धेरे के पर्दे में बनू कुरेज़ा के क़िला की तरफ़ जाए और उनके रईस कआब बिन असद के साथ मिलकर बनू क़ुरैज़ा को अपने साथ मिलाने की कोशिश करे। अत: हुययई बिन अख़तब अवसर लगा कर कअब के मकान पर पहुंचा। शुरू शुरू में तो कअब ने इस की बात सुनने से इनकार किया और कहा कि मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ हमारे वादे हैं और मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमेशा अपने वादों को वफ़ादारी के साथ निभाया है। इसलिए मैं इस से ग़द्दारी नहीं कर सकता मगर हुययई ने उसे ऐसे लालच दिए और इस्लाम की शीघ्र तबाही का ऐसा यक़ीन दिलाया और अपने इस अह्द को कि जब तक हम इस्लाम को मिटा ना लेंगे मदीना से वापस नहीं जाऐंगे इस मज़बूती से वर्णन किया कि अन्त में वह राज़ी हो गया और इस तरह बनू कुरैज़ा की ताक़त का वज़न भी इस पलड़े के वज़न में आकर शामिल हो गया।''जो मिलाने आया था बाहर से ''जो पहले से ही बहुत झुका था''अर्थात यानी पहले ही उनमें ताक़त थी। दुनियावी ताक़त उनके पास पहले ही बहुत थी। ''आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को जब बनू कुरैज़ा की इस ख़तरनाक ग़द्दारी का इल्म हुआ तो आप ने पहले तो दो तीन बार ख़ुफ़ीया ख़ुफ़ीया ज़ुबैर बिन अलअवाम रज़ि को हालात पूछने के लिए भेजा और फिर बाज़ाबता तौर पर क़बीला ओस तथा ख़ज़रज के रईस सअद बिन मआज़ रज़ि और सअद बिन अबादह रज़ि और कुछ दूसरे प्रभावशाली सहाबा को एक वफ़द के तौर पर बनू क़ुरैज़ा की तरफ़ रवाना फ़रमाया और उनको यह ताकीद फ़रमाई कि अगर कोई चिन्ता की ख़बर हो तो वापस आकर उस को सब के सामने इज़हार न करें बल्कि इशारा से काम लें ताकि लोगों में चिन्ता न पैदा हो। जब ये लोग बनू क़ुरैज़ा के घरों में पहुंचे और उनके रईस कआब बिन असद के पास गए तो वह बद किस्मत उनको निहायत मग़रूराना अंदाज़ से मिला सअदेन'' अर्थात दोनों सअद जो थे उनकी तरफ़ से मुआहिदा का ज़िक्र होने पर वह और इस के क़बीला के लोग बिगड़ कर बोले कि 'जाओ मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) और हमारे मध्य कोई मुआहिदा नहीं है।'यह शब्द सुनकर सहाबा का ये वफ़द वहां से उठकर चला आया और सअद बिन मआज़ रज़ि और सअद बिन अबादह रज़ि ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हो कर उचित तरीक़ा पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को हालात से सूचना दी।'

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम-ए पृष्ठ 584-585)

बहरहाल फिर जो भी उनके साथ जंग थी या सज़ा मिलनी थी वह जारी रही। जंग बनू क़ुरैज़ा के अवसर पर हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि ने कई ऊंटों पर खजूरें लाद कर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और मुस्लमानों के लिए भेजीं जो इन सब का खाना था। इस वक़्त रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि खजूर क्या ही अच्छा खाना है।

(सब्बलुलहुदा वर्रशाद भाग 05 पृष्ठ 06 फ़ी जंग बनी कुरैज़, दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1993 ई)

जंग मौत: जो जमादी अल ऊला सन आठ हिज्री में हुई । इस में हज़रत ज़ैद रज़ि शहीद हो गए तो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनके घर वालों के पास ताज़ियत के लिए गए तो उनकी बेटी परेशानी और तकलीफ़ के कारण रोते हुए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आई। इस पर आप भी बहुत ज़्यादा रोने लगे। इस पर हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि ने अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह! यह क्या आप ने फ़रमाया।هٰذَا شَوْقُ الْحَبِيْبِ اِلَى حَبِيْبِهٖ यह एक महबूब की अपने महबूब से मुहब्बत है

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 34 ज़ैद अलहुब बिन हारिसा प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1990ई)

सही बुख़ारी की एक और रिवायत है। यह पहली सही बुख़ारी की नहीं थी। यह घटना दूसरी है और सही बुख़ारी की रिवायत से है कि हशाम बिन उर्वा अपने बाप से रिवायत करते हैं कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़तह मक्का के साल कूच फ़रमाया तो क़ुरैश को यह ख़बर पहुंची। तब अबू सुफ़ियान बिन हरब, हकीम बिन हिज़ाम और बुदैल बिन वर्कअ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तलाश में निकले। वे चल पड़े यहां तक कि मर्रु ज़्ज़हरान मुक़ाम पर पहुंचे। मर्रु ज़्ज़हरान मक्का की तरफ एक स्थान है जिसमें बहुत से चश्मे और खजूर के बाग़ा हैं। यह मक्का से पाँच मील के फ़ासला पर स्थित है। बहरहाल जब वहां पहुंचे तो उन्होंने क्या देखा कि बेशुमार आगें रोशन हैं जैसे हज के मौक़ा पर अर्फ़ात के स्थान की आगें होती हैं। अबू सुफ़ियान ने कहा ये कैसी हैं? यूं मालूम होता है कि अर्फ़ात की आगें हैं। बदील बिन वर्कअ ने कहा बनू अमरो की आगें मालूम होती हैं अरथात ख़ुज़ाआ क़बीला की। अबू सुफ़ियान ने कहा अमरो का क़बीला इस संख्या से बहुत कम है। इतने में उनको रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पहरेदारों में से कुछ लोगों ने देख लिया और उन तीनों को पकड़ कर गिरफ़्तार कर लिया और फिर उनको रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास ले के आए। अबू सुफ़ियान ने इस्लाम क़बूल कर लिया। जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम चले अर्थात मक्का की तरफ़ तो आप ने हज़रत अब्बास रज़ि से फ़रमाया। अबू सुफ़ियान को पहाड़ के दर्रे पर रोके रखना ताकि वह मुस्लमानों को देख ले। अत: हज़रत अब्बास रज़ि ने उसे रोके रखा। विभिन्न क़बीले नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ गुज़रने लगे। लश्कर का एक एक दस्ता अबूसुफ़ियान के सामने से गुज़रता गया। जब एक गिरोह गुज़रा तो अबूसुफ़ियान ने कहा अब्बास रज़ि यह कौन लोग हैं? उन्होंने कहा यह क़बीला गफ्फार के लोग हैं। अबू सुफ़ियान ने कहा मुझे ग़फ़्फ़ार से किया लेना देना। फिर जुहैना वाले गुज़रे। अबू सुफ़ियान ने वैसे ही कहा। फिर सअद बिन हुज़ैमा वाले गुज़रे। फिर उसने वैसे ही कहा। फिर सुलेम वाले गुज़रे। फिर उसने वैसे ही कहा। यहां तक कि आख़िर में एक ऐसा लश्कर आया कि वैसा उसने कभी नहीं देखा था। अबूसुफ़ियान ने पूछा ये कौन हैं? हज़रत अब्बास रज़ि ने कहा अन्सार हैं और उनके सरदार सअद बिन अबादह रज़ि हैं जिनके पास झंडा है। हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि ने पुकार कर अबू सुफ़ियान! आज का दिन घमसान

की लड़ाई का दिन है। आज काअबा में लड़ाई हलाल होगी। अबू सुफ़ियान ने यह सुनकर अब्बास रज़ि! बर्बादी का ये दिन क्या ख़ूब होगा अगर मुक़ाबले का मौक़ा मिल जाता। अर्थात कि मैं दूसरी तरफ़ होता या कि इस तरफ़ होने की वजह से मुझे भी मौक़ा मिलता क्योंकि इस्लाम क़बूल कर लिया था। फिर एक और दस्ता फ़ौज का आया और वे तमाम लश्करों से छोटा था। उनमें रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम थे और आप के साथी मुहाजरीन थे और नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का झंडा हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ि के पास था। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अबू सुफ़ियान के पास से गुज़रे तो अबूसुफ़ियान ने कहा क्या आप को इल्म नहीं कि सअद बिन अबादह रज़ि ने क्या कहा है? आप ने पूछा क्या कहा है? उसने कहा कि ऐसा कहा है। जो भी उन्होंने शब्द प्रयोग किए थे (वह बताए)। आप ने फ़रमाया सअद रज़ि ने दरुस्त नहीं किया बल्कि यह वह दिन है जिसमें अल्लाह काअबा की अज़मत क़ायम करेगा और काअबा पर ग़लाफ़ चढ़ाया जाएगा। कोई जंग नहीं होगी।

(सही बुख़ारी किताबुल मग़ाज़ी,बाब अयना रकज़ न्नबी(सल.) अर्राए यौमुल फ़तह हदीस 4280) (मोअज्जमुल बुलदान भाग 4 पृष्ठ 247)

इस घटना को हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ने ज़रा थोड़ी सा विस्तार से वर्णन किया है। वह इस तरह है कि जब लश्कर मक्का की तरफ़ बढ़ा तो रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्बास रज़ि को हुक्म दिया कि किसी सड़क के कोने पर अबूसुफ़ियान और इस के साथियों को लेकर खड़े हो जाओ ताकि वह इस्लामी लश्कर और इस की फ़दाईत को देख सकें। हज़रत अब्बास रज़ि ने ऐसा ही किया। अबूसुफ़ियान और इस के साथियों के सामने से एक के बाद दूसरे अरब के क़बीले गुज़रने शुरू हुए जिनकी सहायता पर मक्का भरोसा कर रहा था अर्तात मक्का वाले समझते थे यह मदद करेंगे और वे सब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ थे, मगर आज वो क़बीले कुफ्र का झंडा नहीं लहरा रहे थे , आज वे इस्लाम का झंडा लहरा रहे थे और उनकी ज़बान पर ख़ुदाए क़ादिर की तौहीद का ऐलान था। वे मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जान लेने के लिए आगे नहीं बढ़ रहे थे जैसा कि मक्का वाले उम्मीद करते थे बल्कि वे मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए अपने ख़ून का आख़िरी क़तरा तक बहाने के लिए तैयार थे और उनकी इंतिहाई इच्छा यही थी कि ख़ुदाए वाहिद की तौहीद और इस की तब्लीग़ को दुनिया में क़ायम कर दें। लश्कर के बाद लश्कर गुज़र रहा था कि इतने में अशरी क़बीले का लश्कर गुज़रा। इस्लाम की मुहब्बत और इस के लिए क़ुर्बान होने का जोश उनके चेहरों से स्पष्ट था और उनके नारों से ज़ाहिर था। अबू सुफ़ियान ने कहा अब्बास यह कौन हैं। अब्बास रज़ि ने कहा यह अशअरी क़बीला है। अबूसुफ़ियान ने हैरत से अब्बास रज़ि का मुँह देखा और कहा सारे अरब मैं उनसे ज़्यादा मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का कोई दुश्मन नहीं था। अब्बास रज़ि ने कहा कि यह ख़ुदा का फ़ज़ल है कि जब उसने चाहा उनके दिलों में इस्लाम की मुहब्बत दाख़िल हो गई। सबसे आख़िर में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुहाजिरीन तथा अन्सार का लश्कर लिए हुए गुज़रे। ये लोग दो हज़ार की संख्या में थे और सिर से पांव तक ज़िरह बक्तरों में छुपे हुए थे। हज़रत उमर रज़ि उनकी सफ़ों को दरुस्त करते चले जाते थे और फ़रमाते जाते थे कि क़दमों को सँभाल कर चलो ताकि सफ़ों की दूरी ठीक रहे। इन पुराने फ़िदाकाराने इस्लाम का जोश और उनका अज़म और उनका वलवला उनके चेहरों से टपका पड़ता था। अबूसुफ़ियान ने उनको देखा तो इस का दिल दहल गया। उसने अब्बास! यह कौन लोग हैं? उन्होंने, अब्बास रज़ि ने कहा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अन्सार तथा मुहाजिरीन के लश्कर में जा रहे हैं। अबूसुफ़ियान ने जवाब दिया इस लश्कर का मुक़ाबला करने की दुनिया में किस को ताक़त है। फिर वह हज़रत अब्बास रज़ि से मुख़ातिब हुआ और कहा तुम्हारे भाई का बेटा आज दुनिया में सबसे बड़ा बादशाह हो गया है। अब्बास रज़ि ने कहा अब भी तेरे दिल की आँखें नहीं खुलीं। यह बादशाहत नहीं है, यह तो नबुव्वत है। अबू सुफ़ियान ने कहा हाँ हाँ अच्छा फिर नबुव्वत ही सही। जिस वक़्त यह लश्कर अबू सुफ़ियान के सामने से गुज़र रहा था तो अन्सार के कमांडर सअद बिन अबादह रज़ि ने अबू सुफ़ियान को देखकर कहा।आज ख़ुदा तआला ने हमारे लिए मक्का में दाख़िल होना तलवार के ज़ोर से हलाल कर दिया है। आज क़ुरैशी क़ौम ज़लील कर दी जाएगी। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अबूसुफ़ियान के पास से गुज़रे तो उसने बुलंद आवाज़ से कहा कि हे रसूलुल्लाह!क्या आप ने अपनी क़ौम के क़त्ल की इजाज़त दे दी है। अभी अभी अन्सार के सरदार सअद रज़ि और इस के साथी ऐसा कह रहे थे। उन्होंने बुलन्द आवाज़ से यह कहा है कि आज लड़ाई होगी और मक्का की हुर्मत आज हमको लड़ाई से रोक नहीं रख सकेगी और क़ुरैश को हम ज़लील कर के छोड़ेंगे। हे रसूलुल्लाह ! आप तो दुनिया में सबसे ज़्यादा नेक, सबसे ज़्यादा रहीम और सबसे ज़्यादा रिश्तेदारों से रहम करने वाले इन्सान हैं। क्या आज आप अपनी क़ौम के ज़ुल्मों को भूल ना जाऐंगे। अबू सुफ़ियान की यह शिकायत और वेदना सुनकर वह मुहाजिरीन भी तड़प गए जिनको मक्का की गलियों में पीटा और मारा जाता था जिनको घरों और जायदादों से बेदख़ल किया जाता था और उनके दिलों में भी मक्का के लोगों की निसबत रहम पैदा हो गया और उन्होंने कहा कि हे रसूलुल्लाह !अन्सार ने मक्का वालों के अत्याचारों की जो घटनाएं सुनी हुई हैं आज उनकी वजह से हम नहीं जानते कि वे क़ुरैश के साथ किया मामला करें। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अबू सुफ़ियान, सअद रज़ि ने ग़लत कहा है। आज रहम का दिन है। आज अल्लाह तआला क़ुरैश और ख़ाना काअबा को इज़्ज़त बख़शने वाला है। फिर आप ने एक आदमी को सअद रज़ि की तरफ़ भिजवाया और फ़रमाया अपना झंडा अपने बेटे केस रज़ि को दे दो कि वह तुम्हारी जगह अन्सार के लश्कर का कमांडर होगा। इस तरह आप ने झंडा उनसे ले लिया और उनके बेटे को दे दिया। इस तरह आप ने मक्का वालों का दिल भी रख लिया और अन्सार के दिलों को भी सदमा पहुंचने से महफ़ूज़ रखा और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को केस रज़ि पर पूरा भरोसा था जो सअद रज़ि के बेटे थे क्योंकि क़ैस निहायत ही शरीफ़ तबीयत के नौजवान थे। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि कहते हैं ऐसे शरीफ़ थे, उनकी शराफ़त का यह हाल था कि तारीख़ में लिखा है कि उनकी वफ़ात के क़रीब जब कुछ लोग उनकी इयादत के लिए आए और कुछ ना आए तो उन्होंने अपने दोस्तों से पूछा कि क्या वजह है कि कुछ दोस्त मेरे वाक़िफ़ हैं और मेरी इयादत के लिए नहीं आए। उनके दोस्तों ने कहा कि आप बड़े मुख़य्यर आदमी हैं। केस रज़ि बड़े मुख़य्यर थे और लोगों की बड़ी मदद करते थे तो आप हर शख़्स को इस की तकलीफ़ के वक़्त क़र्ज़ा दे देते हैं। किसी ने मांगा क़र्ज़ा दे दिया और शहर के बहुत से लोग आप के मक़रूज़ हैं और वह इसलिए आप की इयादत के लिए नहीं आए कि शायद आप को ज़रूरत हो इस हालत में और आप उनसे रुपया मांग बैठें। जो क़र्ज़ दिया हुआ है वह वापस ना मांग लें। आप ने फ़रमाया ओहो, बड़ा अफ़सोस का इज़हार किया कि मेरे दोस्तों को बिना कराण यह तकलीफ़ हुई है। उनको अगर यह ख़्याल आया तो मेरी तरफ़ से तमाम शहर में घोषणा कर दो, ऐलान कर दो कि हर शख़्स जिस पर केस रज़ि का क़र्ज़ा है वह उसे माफ़ है। इस पर कहते हैं कि इस क़दर लोग उनकी इयादत के लिए आए कि उनके मकान की सीढ़ियां टूट गईं।

(उद्धरित दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम भाग 20 पृष्ठ 341से 343)

जंग हुनैन जिसका दूसरा नाम जंग हवाज़िन भी है, हुनीन मक्का मुकर्रमा और ताइफ के मध्य मक्का से तीस मील की दूरी पर स्थित एक घाटी है। जंग हुनैन शवाल आठ हिज्री में फ़तह मक्का के बाद हुई थी। जो अम्वाल ग़नीमत इस जंग में हासिल हुए वह नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुहाजिरीन में तक़सीम कर दिए। अन्सार ने अपने दिलों में इस बात को महसूस किया। इस के बारे में एक तफ़सीली रिवायत मस्नद अहमद बिन हंबल में इस तरह वर्णित है कि हज़रत अबू सईद ख़ुदरी रज़ी अल्लाह तआला अन्हो से रिवायत है कि जब नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क़ुरैश और अन्य अरब के क़बीलों में माल तक़सीम फ़रमाया तो अन्सार के हिस्से में इस में से कुछ ना आया। अन्सार ने इस को महसूस किया और उनमें उस के बारे में बातें होने लगीं। यहां तक कि उनमें से एक कहने वाले ने कहा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी क़ौम से जा मिले हैं, हमें भूल गए। मुहाजिरों को दे दिया। हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए और निवेदन किया कि हे अल्लाह ! यह क़बीला अर्थात अन्सार जो हैं आप के बारे में अपने नफ़सों में कुछ महसूस कर रहा है ।आप ने जो अपनी क़ौम और विभिन्न अरब के क़बीलों में माल फै बांटा है और अन्सार को इस में से कुछ भी नहीं मिला। आप ने पूछा सअद! इस मामले में तुम किस तरफ़ हो? तुम अपनी बात करो। उन्होंने अर्ज़ क्या हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मैं अपनी क़ौम का केवल एक फ़र्द हूँ और मेरी क्या हैसियत है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अपनी क़ौम को इस अहाते में इकट्ठा करो अर्थात वहां एक बड़ा अहाता था , एक जगह थी वहां ले के आओ। अत: हज़रत सअद रज़ि निकले और उन्होंने अन्सार को इस अहाते में

इकट्ठा कर लिया। कुछ मुहाजिरीन भी आ गए। हज़रत सअद रज़ि ने उन्हें अंदर आने दिया और कुछ और लोग अंदर आए तो हज़रत सअद रज़ि ने उन्हें रोक दिया। जब सब इकट्ठे हो गए तो हज़रत सअद रज़ि ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हो कर अर्ज़ किया कि अन्सार जमा हो गए हैं। रावी कहते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनके पास तशरीफ़ लाए और अल्लाह की हमद तथा प्रशंसा बयान करने के बाद फ़रमाया। हे गिरोह अन्सार!-यह क्या बातें हैं जो तुम्हारी तरफ़ से मुझे पहुंच रही हैं, कि तुम्हें इस बात पर कुछ नाराज़गी है कि तुम्हें माल नहीं मिला। क्या जब मैं तुम्हारे पास आया तो तुम गुमराही में ना पड़े हुए थे कि अल्लाह ने तुम्हें हिदायत से सरफ़राज़ फ़रमाया? तुम माली तंग-दस्ती का शिकार ना थे कि अल्लाह ने तुम्हें मालदार बना दिया? तुम एक दूसरे के दुश्मन न थे कि अल्लाह ने तुम्हारे दिलों में एक दूसरे की मुहब्बत डाल दी? उन्होंने कहा क्यों नहीं। अल्लाह और इस का रसूल ज़्यादा एहसान करने वाला और अफ़ज़ल हैं। आप ने फ़रमाया कि हे अन्सार गिरोह! तुम मेरी बात का जवाब क्यों नहीं देते? उन्होंने कहा हे रसूलुल्लाह हम आप को क्या जवाब दें जबकि एहसान और फ़ज़ल अल्लाह और इस के रसूल के लिए है। आप ने फ़रमाया अल्लाह की कसम अगर तुम चाहते तो यह कह सकते थे और तुम्हारी वह बात सच्ची होती और तुम्हारी तसदीक़ भी हो जाती कि आप हमारे पास इस हाल में आए थे जब आप को झुटला दिया गया था। अत: हमने आप की तसदीक़ की और आपऐ को आप के अपनों ने छोड़ दिया था तो हमने आप की मदद की। आप हमारे पास आए कि लोगों ने आपऐ को निकाल दिया था तो हमने आप को पनाह दी। आप को हमने एक बड़े कुन्बे वाला पाया तो हमने आप के साथ भाई भाई बने। हे अन्सार के गिरोह !क्या तुमने दुनिया के हक़ीर से माल पर दुख महसूस किया है? फिर आप ने यह शब्द फ़रमाने के बाद कहा कि तुम ये ये जवाब दे सकते थे। फिर फ़रमाया कि हे अन्सार गिरोह ! क्या तुमने दुनिया के हक़ीर माल पर दुख महसूस किया है कि मैंने तुम्हें नहीं दिया और उनको दे दिया जो मैंने इस क़ौम की तालीफ़-ए-क़लब के लिए दिया है ताकि वह इस्लाम क़बूल कर लें और मैंने तुम्हें तुम्हारे इस्लाम के सपुर्द कर दिया है। उनकी तालीफ़ क़लब की है ताकि इस्लाम क़बूल कर लें और मज़बूत हों और तुम्हें तुम्हारे इस्लाम के सपुर्द कर दिया है। हे अन्सार के गिरोह !क्या तुम इस बात पर ख़ुश नहीं कि लोग भेड़ बकरियां और ऊंट लेकर जाएं और तुम रसूलुल्लाह को लेकर अपने घरों में लौटो , सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम। फिर आप ने फ़रमाया उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जान है अगर हिजरत ना होती तो मैं अन्सार में से एक शख़्स होता। और अगर लोग एक वादी में चल रहे हों और अन्सार दूसरी वादी में चल रहे हूँ तो मैं अन्सार की वादी को इख़तियार करूँगा। हे अल्लाह अन्सार पर रहम फ़र्मा और अन्सार के बेटों पर और अन्सार के बेटों के बेटों पर। रावी कहते हैं इस पर वे सब अन्सार रोने लगे जो वहां मौजूद थे यहां तक कि उनकी दाढ़ियाँ उनके आँसूओं से गीली हो गईं और वे कहने लगे कि हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर तक़सीम और हिस्से के लिहाज़ से राज़ी हैं अर्थात जो भी आप ने तक़सीम की है इस पर राज़ी हैं और आप हमारे लिए काफ़ी हैं। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वापस तशरीफ़ ले गए और लोग भी चले गए।

(मस्नद अहमद बिन हनबल भाग 4 पृष्ठ 192-193 मस्नद अबी सईद अलख़ुदरी रज़ि प्रकाशन आलिमुल कुतुब बेरूत1998 ई)

(एटलस सीरतुन्नबवी पृष्ठ 408-409 प्रकाशन दारुस्लाम अल-रियाज़1424 हिजरी)

(अस्सीरतुल हल्बिया भाग 3पृष्ठ 163 से-175 बाब जंग अत्तायफ़ प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 2002 ई)

हुज्जतुल विदा के लिए मदीना से सफ़र कर के जब नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुक़ाम हज पर पहुंचे तो वहां आप की सवारी गुम हो गई। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत अबू बकर रज़ि की सवारी एक ही थी और वे हज़रत अब्बू बकर रज़ि के ग़ुलाम के पास थी जिससे रात के वक़्त वो गुम हो गई। हज़रत सफ़वान बिन मुअत्तल रज़ि क़ाफ़िला में सबसे पीछे थे। वह अपने साथ इस ऊंटनी को ले आए और सारा सामान भी उस पर मौजूद था। वह ऊंटनी जो ग़म गई थी उस को ले आए और वह सामान भी उस पर था।

हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि ने जब यह बात सुनी तो अपने बेटे केस रज़ि के साथ आए। इन दोनों के साथ एक ऊंट था जिस पर रास्ता का समान था। सारा सफ़र का सामान लदा हुआ था। वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए तो आप उस वक़्त अपने घर के दरवाज़े के पास खड़े हुए थे। तब अल्लाह तआला ने आप की सामान वाली सवारी वापस लौटा दी थी अर्थात उस वक़्त तक आप की वह ऊंटनी मिल चुकी थी जो ग़ुमी थी। जब सअद रज़ि आए हैं तो हज़रत सअद रज़ि ने अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह!हमें मालूम हुआ है कि आप की सामान वाली सवारी गुम हो गई है। यह हमारी सवारी उस के बदले में है। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अल्लाह तआला वह सवारी हमारे पास ले आया है। अर्थात वह जो गुमी थी वह मिल गई है। तुम दोनों अपनी सवारी वापस ले जाओ। अल्लाह तुम दोनों में बरकत डाले।

(सबलुल्हुदा वल रिशाद भाग 8 पृष्ठ 460 ज़िक्र नज़ूला सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बिल अर्ज, दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1993 ई)

(किताबुल मग़ाज़ी भाग 3 पृष्ठ 1093 बाब हज्जतुल विदा प्रकाशन आलिमुल कुतुब बेरूत 1984 ई)

हज़रत उसामा बिन ज़ैद रज़ि बयान करते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बेटी ने आप को कहला भेजा कि मेरा बच्चा मृत्यु की हालत में है हमारे पास आएं तो आप ने कहला भेजा और फ़रमाया कि अल्लाह ही का है जो ले-ले और इसी का है जो प्रदान करे और हर बात का उस के हाँ एक वक़्त निर्धारित है। इसलिए तुम सब्र करो और अल्लाह तआला की रजामंदी चाहो। उन्होंने फिर आप को बुला भेजा और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को क़सम दी कि उनके पास ज़रूर आएं। आप उठे और आप के साथ हज़रत सअद बिन इबादा रज़ि, हज़रत मआज़ बिन जबल रज़ि, हज़रत अबी बिन कअब रज़ि, हज़रत ज़ैद बिन साबित रज़ि और कई आदमी नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास थे। जब आप पहुंचे तो बच्चा उठा कर लाया गया। वह बच्चा उस वक़्त दम तोड़ रहा था और ऐसी ही दम तोड़ने की आवाज़ आ रही थी। उसमान रज़ि कहते थे कि मेरा ख़्याल है उसामह रज़ि ने कहा कि जैसे पुरानी मशक ठोकने से आवाज़ देती है अर्थात ऐसी आवाज़ आ रही थी कि बड़े बड़े सांस ले रहा था। बच्चे की यह हालत देखकर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आँसू बहने लगे। हज़रत सअद रज़ि ने कहा कि हे रसूलुल्लाह यह क्या है!आप ने जवाब दिया यह रहमत है जो अल्लाह तआला ने अपने बंदों के दिलों में पैदा की है और अल्लाह भी अपने बंदों में से उन्ही पर रहम करता है जो दूसरों पर रहम करते हैं।(सही अल-बुख़ारी किताबुल जनायज़, हदीस1284)यह कोई जज़बाती हालत है तो ऐसी कोई बात नहीं। केवल अल्लाह तआला का फ़ज़ल है।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन उम्र रज़ी अल्लाह अन्हुमा बयान करते हैं कि हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि को किसी बीमारी की शिकायत हुई तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत अब्दुर्र रहमान बिन औफ़ रज़ि, हज़रत सअद बिन अबी वकास रज़ि और हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि इन सबको अपने साथ लेकर उनका हल चाल पूछने के लिए तशरीफ़ ले गए। जब उनके पास पहुंचे तो आपने उनको घर वालों के जमघट में पाया। आप ने फ़रमाया क्या ये फ़ौत हो गए? लोग बीमारी की वजह से इकट्ठे हुए थे, बहुत बीमारी थी। घर वाले इर्द गिर्द इकट्ठे थे। उन्होंने कहा नहीं हे अल्लाह के रसूल! फ़ौत नहीं हुए। बहरहाल नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क़रीब गए। उनकी हालत देखी तो आप रो पड़े। लोगों ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को रोते देखा तो वे भी रो दिए। फिर आप ने फ़रमाया कि सुनते नहीं। देखो कि अल्लाह आँख के आँसू निकलने से अज़ाब नहीं देता और न दिल के दुखी होने पर बल्कि उस की वजह से सज़ा देगा या रहम करेगा और आप ने अपनी ज़बान की तरफ़ इशारा किया और फिर फ़रमाया और लाश को भी इस के घर वालों के इस पर रोना धोना करने की वजह से अज़ाब मिलता है।

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

(सही अल-बुख़ारी किताबुल जनायज़, हदीस 1304)

लाश पर रोना धोना करना जो है वह ग़लत है। इस वक़्त हो सकता है कि देखकर उनकी ऐसी हालत हो या आप की दुआ की कैफ़ीयत पैदा हुई हो इस में भी आप को रोना आ गया हो लेकिन बाक़ियों ने यह समझा हो कि उनका आख़िरी वक़्त है इसलिए रोना शुरू कर दिया। इस बात पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें समझाया कि रोना मना नहीं है लेकिन बुरी बात और मना यह है कि इन्सान अल्लाह तआला की क़ज़ा क़दर के ज़ाहिर होने पर नाराज़ हो जाए। अत: आँसू अल्लाह तआला की रज़ा चाहते हुए निकलें तो इस का रहम जज़ब करते हैं वर्ना अगर बुरा मना कर निकलें और इस पर रोना धोना किया जाए तो फिर यह सज़ा मिल जाती है। बहरहाल उस वक़्त फ़ौत नहीं हुए थे जबकि बीमारी उनकी थी।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि से रिवायत है कि उन्होंने कहा कि हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर थे कि अन्सार में से एक शख़्स आप के पास आया। उसने आप को सलाम किया। फिर वह अन्सारी पीछे मुड़ा। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हे भाई! मेरे भाई सअद बिन अबादह रज़ि का क्या हाल है? उसने कहा बेहतर है। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम में से कौन उस की इयादत करेगा। आप उठे और हम आप के साथ उठ खड़े हुए और हम दस से कुछ ऊपर लोग थे। हम ने न जूते पहने थे ना जुराबें, ना टोपियां थीं ना क़मीज़। अर्थात बड़ी शीघ्रता में आप के साथ साथ चले गए। कहते हैं कि हम इस क़दर ज़मीन में चले यहां तक कि हम उनके अर्थात सअद बिन अबादह रज़ि के पास आए। सारे लोग उनके इर्दगिर्द इकट्ठे थे वे सब पीछे हट गए और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के वे असहाब रज़ि जो आप के साथ थे उनके क़रीब आ गए। यह सही मुस्लिम की रिवायत है। उसी पहले घटना की इस रिवायत में है।

(सही मुस्लिम किताबुल जनायज़, फ़ी 2138))

हज़रत जाबिर बिन अब्दुल्लाह बिन अमरो बिन हिराम रज़ि वर्णन करते हैं कि मेरे पिता ने मुझे हरीरा तैयार करने का हुक्म दिया। मैंने हरीरा तैयार किया। हरीरा मशहूर खाना है जो आटे और घी और पानी से बनता है बल्कि (कुछ ने कहा है कि)आटे और दूध से बनता है बहरहाल ये उन्होंने लुग़त हदीस में से अर्थ) निकाला है उन्होंने कहा है कि मैं उनके हुक्म के अनुसार वह हरीरा रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में लेकर हाज़िर हुआ। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस वक़्त घर में थे। आप ने फ़रमाया हे जाबिर रज़ि क्या यह गोश्त है? मैंने अर्ज़ की जी नहीं हे रसूलुल्लाह यह हरीरा है जो मैंने अपने पिता के हुक्म से बनाया है। फिर उन्होंने मुझे हुक्म दिया तो मैं आप की ख़िदमत में लेकर हाज़िर हुआ हूँ। फिर मैं वापस अपने पिता के पास आ गया। मेरे पिता ने पूछा क्या तुमने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को देखा। मैंने कहा जी। मेरे पिता ने पूछा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने तुम्हें क्या कहा? मैंने बताया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझ से पूछा कि जाबिर! क्या यह गोश्त है? मेरे वालिद ने सुनकर कहा कि शायद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को गोश्त की इच्छा हो रही हो। वालिद साहिब ने बकरी ज़िबह की, इस को भूना और मुझे हुक्म दिया कि यह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बारगाह में पेश कर आओ। हज़रत जाबिर रज़ि बयान करते हैं कि मैंने वह बकरी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में पेश कर दी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अल्लाह तआला अन्सार को हमारी तरफ़ से नेक बदला दे विशेष रूप से अब्दुल्लाह बिन अमरो बिन हिरम और सअद बिन उबादा को।

(अलमुस्तदरक अलस्सहीहैन भाग 5 पृष्ठ 39-40 किताब दारुल फ़िक्र 2001 ई)

(फ़तहुल बारी किताबत्तआम भाग 9 पृष्ठ 678 प्रकाशन क़दीमी कुतुब ख़ाना कराची) (जहांगीर उर्दू लुग़त पृष्ठ 649 प्रकाशन जहांगीर बक्स लाहौर)

(Lexicon part 2 P: 539 London 1865)

हज़रत अबू उसेद से मर्वी है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अन्सार के घरानों में से बेहतरीन बनू नज्जार हैं। फिर बनू अब्द अश्हल। फिर बनू हारिस बिन ख़ज़रज। फिर बनू साइयदा और अन्सार के तमाम घरानों में भलाई है। ये सुनकर हज़रत सअद बिन अबादह रज़ि बोले और वह इस्लाम में उच्च पाया के थे। यह सही बुख़ारी की हदीस है अर्थात कि उच्च स्तर के थे कि मैं समझता हूँ कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें हम से अफ़ज़ल क़रार दिया है। इस पर उन से कहा गया कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप को भी तो बहुत से लोगों पर फ़ज़ीलत दी है।

(सही अल-बुख़ारी किताब मनाक़िब अला बाब मनकब सअद बिन उबादा हदीस 3807)

